# आकाशवाणी शिमला

**18.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे**

## मुख्यमंत्री दौरा

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज शिमला जिले के ठियोग के दौरे पर रहेंगे। वे ठियोग में नवनिर्मित बस स्टैंड के अलावा शिलारू में सब्जी मंडी का लोकार्पण करेंगे। बाद में मुख्यमंत्री ठियोग में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री भी इस दौरान उपस्थित रहेंगे।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि आउटर सिराज को कुल्लू जिला मुख्यालय से 12 महीने जोड़ने के लिए जलोड़ी जोत सुरंग के निर्माण का मामला केंद्र सरकार से उठाया जाएगा। कुल्लू जिला के निरमंड उपमंडल के बागा–सराहन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश में विकास के नये अयाम स्थापित कर रही है। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर आनी विधानसभा क्षेत्र में 81 करोड़ रूपए से अधिक की विकास योजनाओं को जनता को समर्पित किया। उन्होंने आनी क्षेत्र में डे–बोर्डिंग स्कूल खोलने और आनी को नगर पंचायत का दर्जा देने की घोषणा की।

**मैं आनी में भी राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल बनाने की घोषणा करता हूं कि आनी में डे बोर्डिंग स्कूल बने। यही नहीं आनी में जो सबसे बड़ा स्कूल होगा अगले वर्ष से बच्चों के गांव में रहने वाले बच्चों के लिए और गांव के परिवार में रहने वाले बच्चों के लिए किसान, बागवान के बच्चों के लिए, आम परिवार के बच्चों के लिए अगले साल आनी में भी एक स्कूल सीबीएसई का भी शुरू करने जा रहे हैं।**

## आयुष्मान भारत

देश आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के माध्यम से डिजिटल स्वास्थ्य व्यवस्था के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने आकाशवाणी समाचार के साथ विशेष साक्षात्कार में कहा कि अब तक 77 करोड़ देशवासियों का आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता पहचान पत्र बन चुका है। देश में 77 करोड़ लोग ऐसे हैं जिनका आभा आईडी जेनरेट हो चुका है और अब इस यूनिक आईडी के साथ देश के नागरिक अपने हेल्थ रिकॉड्र्स को लिंक–अप कर सकते हैं और 55 करोड़ लोग अपने हेल्थ रिकॉड्र्स को इससे लिंक–अप कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि लोगों के लिए किसी भी समय, किसी भी स्थान से और सुरक्षित ढंग से अपने हेल्थ रिकॉड्र्स को एक्सेस करना संभव हो पा रहा है।

## बागवानी मंत्री

बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि इस वर्ष भी सेब यूनिवर्सल कार्टन में बिकेगा। रिकांगपिओ में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सरकार यूनिवर्सल कार्टन को कड़ाई से लागू करेगी और इसकी अवहेलना करने वाले आढ़तियों व बागवानों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

*बागवान एसोसिएशन की तरफ से सुझाव आए, कुछ आढ़ती एसोसिएशन की तरफ से भी सुझाव आए। सभी ने मिलकर ये कहा कि यूनिवर्सल कार्टन को पूरा लागू रखेंगे और साथ में उसमें जो भी कमी थी पिछले बार जैसे कुछ जगहों पर आढ़तियों ने यूनिवर्सल कार्टन में भी 22 किलो से ज्यादा लोगों से डिमांड कर रहे थे कि सेब आए और कुछ बागवान भी परमिसिबल वेट से ज्यादा वेट लगाके ले जा रहे थे। अगर इस किस्म का कोई आढ़ती यदि यूनिसर्वल कार्टन का मैक्सिमम लिमिट से ज्यादा कार्टन में सेब लेगा तो उस पर एक्शन होगा।*

**भाजपा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आज सिरमौर जिले के पांवटा साहिब में भाजपा द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के अलावा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल व पार्टी के अन्य नेता व कार्यकर्ता शिरकत कर रहे हैं। ***संकल्प से सिद्धि*** की थीम पर आधारित इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश के विकास और समृद्धि में भाजपा सरकार के योगदान को जन–जन तक पहुंचाना है।

**शूलिनी मेला**

सोलन का सुप्रसिद्ध राज्य स्तरीय शूलिनी मेला 20 से 22 जून तक आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू इस तीन दिवसीय मेले का शुभारंभ करेंगे जबकि राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल समापन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। अतिरिक्त जिला उपायुक्त राहुल जैन ने बताया कि 20 जून की सांस्कृतिक संध्या में इंडियन आईडल फेम सन्नी हिंदुस्तानी जबकि अंतिम सांस्कृतिक संध्या में पार्शव गायक देव नेगी मुख्य आकर्षण होंगे। जैन ने बताया कि इसके अलावा प्रदेश के विभिन्न जिलों के कलाकार भी लोगों का मनोरंजन करेंगे।

**योग दिवस**

21 जून को आयोजित किए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर प्रदेशभर में तैयारियां जोरों पर है। इसी कड़ी में सोलन जिला आयुष विभाग ने एक जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को योग के बारे में जागरूक किया। दूसरी ओर योग दिवस पर मंडी का जिला स्तरीय कार्यक्रम सेरी मंच पर होगा। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने आयुष विभाग को उपमंडल अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश भी दिए।